प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 नवंबर 2024

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – अक्तूबर 2024

अक्तूबर 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] अक्तूबर 2024[3] में 12.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो एक वर्ष पहले 15.5 प्रतिशत था।

बैंक ऋण[3] के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण में अक्तूबर 2024 में 15.5 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 17.4 प्रतिशत थी।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2024 में 8.0 प्रतिशत (व-द-व) पर थी, जबकि एक वर्ष पहले यह 4.8 प्रतिशत पर थी। प्रमुख उद्योगों में, ‘रसायन और रासायनिक उत्पाद’, ‘पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन’ और ‘सभी इंजीनियरिंग’ हेतु प्रदत्त ऋण में अक्तूबर 2024 में एक वर्ष पहले की उनकी संबंधित वृद्धि दरों की तुलना में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2024 में 14.1 प्रतिशत (व-द-व) पर थी (एक वर्ष पहले 20.4 प्रतिशत), जो मुख्य रूप से ‘गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)’ एवं व्यापार’ खंड हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि के कम होने की वजह से थी। तथापि, अक्तूबर 2024 में ‘वाणिज्यिक स्थावर संपदा’ हेतु प्रदत्त ऋण की वृद्धि (व-द-व) में तेजी आई।

- वैयक्तिक ऋणों में अक्तूबर 2024 में 15.8 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 18.0 प्रतिशत थी, जो मुख्यत: ‘अन्य वैयक्तिक ऋणों’, ‘वाहन ऋणों’ एवं ‘क्रेडिट कार्ड बकाया’ की वृद्धि में कमी आने की वजह से थी। तथापि, ‘आवास’ – इस खंड का सबसे बड़ा घटक – ने तेज वृद्धि (व-द-व) दर्ज की।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1611

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।
[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।
[3] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।